आज (23 अगस्त 2021) के महत्वपूर्ण वन लाइनर करेंट अफेयर्स

- 2021 **ग्लोबल क्रिप्टो एडॉप्शन इंडेक्स के** अनुसार, **भारत ग्लोबल क्रिप्टोक्यूरेंसी एडॉप्शन इंडेक्स** में दूसरे स्थान पर है। यह इंडेक्स **चैनालिसिस** द्वारा जारी किया जाता है।
- **टीएम भसीन** को 21 अगस्त, 2021 से केंद्रीय सतर्कता आयोग (CVC) द्वारा **बैंकिंग और वित्तीय धोखाधड़ी सलाहकार बोर्ड (ABBFF)** का रूप में फिर से **अध्यक्ष** नियुक्त किया गया है।
- **विश्व बैंक** ने साइबर सुरक्षा विकास एजेंडा को व्यवस्थित तरीके से लागू करने हेतु नया **'साइबर सुरक्षा मल्टी-डोनर ट्रस्ट फंड'** लॉन्च किया है।
- उत्तराखंड के चमोली जिले के माणा गांव में **भारत के सबसे ऊंचाई वाले हर्बल पार्क** का उद्घाटन किया गया है।
- **मध्य प्रदेश सरकार** ने राज्य की 18 खेल अकादमियों में नए प्रतिभाशाली खिलाड़ियों की खोज और उन्हें प्रशिक्षित करने हेतु खेल के क्षेत्र में व्यापक **प्रतिभा खोज अभियान** शुरू किया है।
- लॉन्ग जम्पर **शैली सिंह** ने **नैरोबी में अंडर -20 विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप में** 59 मीटर की छलांग लगाकर रजत पदक जीता।
- भाजपा के वरिष्ठ नेता और उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री **कल्याण सिंह (89 वर्षीय)** का लखनऊ के संजय गांधी पोस्ट ग्रेजुएट इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज अस्पताल में निधन हो गया।
- केंद्रीय वित्त मंत्री **निर्मला सीतारमण** नई दिल्ली में **राष्ट्रीय मुद्रीकरण पाइपलाइन (NMP)** का शुभारंभ करेंगी।
- इंडियन फिल्म फेस्टिवल ऑफ मेलबर्न अवार्ड्स (IFFM) 2021 की घोषणा वर्चुअली कर दी गई है।
- विजेताओं की पूरी सूची:
    - सर्वश्रेष्ठ फीचर फिल्म: सोरारई पोट्रु
    - सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन पुरुष (फीचर): सूर्या शिवकुमार (सूररई पोट्रु)
    - बेस्ट परफॉर्मेंस फीमेल (फीचर): विद्या बालन (शेरनी) और निमिषा सजयन (द ग्रेट इंडियन किचन)
    - बेस्ट सीरीज: मिर्जापुर सीजन 2
    - बेस्ट एक्ट्रेस इन सिरीज: सामंथा अक्किनेनी (द फैमिली मैन 2)
    - बेस्ट एक्टर इन सिरीज : मनोज बाजपेयी (द फैमिली मैन 2)
- अमिताभ बच्चन अमेज़र के एलेक्सा के लिए अपनी आवाज देने वाले भारत के पहले सेलिब्रिटी बन गए हैं।

इतिहास में आज

- **अंतरराष्ट्रीय दास व्यापार एवं उसके उन्मूलन का स्मृति दिवस** हर साल **23 अगस्त** को ट्रान्साटलांटिक दास व्यापार की स्मरम में मनाया जाता है।

Follow us on Telegram
Gradeup PCS & Other State Exams
Gradeup: PCS & State Exams
137K subscribers
Subscribe Now